an>

Title: Need to provide the minimum pension of Rs.1,000/- to all the eligible EPF pensioners.

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) : महोदय, मार्च, 2013 के सर्वे के अनुसार कुल 44 लाख सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संख्या की जानकारी मिली है जबकि कुल 44 लाख लोगों को माननीय प्रधानमंत्री जी ने सरकार बनने के 100 दिन में एक हजार रुपये पेंशन देने की घोषणा की जिससे 28 लाख सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किसी कारण से लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसमें सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए जो पूर्व में एक कमेटी सरकार ने भगत सिंह कोश्यारी जी के नेतृत्व में बनाई थी, उसने जो सिफारिश की है, उसे लागू करने की कृपा करें जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों, जिन्होंने राष्ट्र के निर्माण में अहम भागीदारी निभायी है, उनका रखरखाव करना हम सबका फर्ज है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों, जिनकी देखभाल एवं रखरखाव हेतु एक हजार रुपये पेंशन लागू की गयी है, उसे कर्मचारियों के हित में शीघ्र बढ़ाया जाए।